दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 25 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मन की बात कार्यक्रम की एक सौ तैंतीसवीं कड़ी होगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसे प्रसारित किया जाएगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा।

———————————————————————————————

आज जानकी नवमी है। माता जानकी के प्राकट्य दिवस के अवसर पर यह दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर माता सीता की जन्म स्थली सीतामढ़ी में आज से दो दिवसीय सीतामढ़ी महोत्सव की शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। जानकी नवमी पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैय्यद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————————

बिहार इस वर्ष पोषण पखवाड़ा के आयोजन में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। बाल विकास परियोजना निदेशालय की ओर से पटना के ज्ञान भवन में आयोजित पोषण पखवाड़ा के समापन समारोह में उप मुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पखवाड़े के दौरान राज्य में इकहत्तर लाख से अधिक गतिविधियां आयोजित की गई। श्री यादव ने कहा कि पोषण पखवाड़ा के माध्यम से मातृ और शिशु पोषण पर विशेष बल दिया गया, ताकि कोई भी माँ कमजोर न रहे और कोई भी बच्चा कुपोषण का शिकार न हो। वहीं, समाज कल्याण विभाग की सचिव

बंदना प्रेयषी ने बताया कि पिछले एक साल में आईसीडीएस के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पोषण के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम दिख रहे हैं।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत तलाक की डिक्री तभी दी जा सकती है, जब पति–पत्नी कम से कम एक वर्ष तक अलग रह चुके हों। न्यायमूर्ति नानी तागिया और न्यायमूर्ति आलोक कुमार पांडेय की खंडपीठ ने कहा कि इस अनिवार्य शर्त के अभाव में तलाक की अनुमति नहीं दी जा सकती।

———————————————————————————

पटना–दीन दयाल उपाध्याय रेलखंड पर नेऊरा स्टेशन के पास नन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते आज और कल सात पैसेंजर ट्रेन को रद्द किया गया है। वहीं, बावन एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग परिवर्तित किया गया है। इसके अलावा दानापुर–बक्सर पैसेंजर, पाटलिपुत्र– लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस समेत कई रेलगाड़ियों को तीस से एक सौ अस्सी मिनट तक पुनर्निर्धारित कर चलाया जायेगा। इस बीच, यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये रेलवे सहरसा, रक्सौल, गोमो से स्पेशल ट्रेन का परिचालन कर रहा है। वहीं, उधना से दानापुर और जयनगर के लिए भी कल से स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा।

———————————————————————————

भारतीय रिज़र्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है। इससे बैंक के कारोबार पर तत्काल प्रभाव से पाबंदी लग गई है। रिज़र्व बैंक ने मार्च दो हजार बाईस में, बैंक को नए ग्राहक जोड़ने पर रोक लगा दी थी। वर्ष दो हजार चौबीस में भी बैंक पर अतिरिक्त व्यावसायिक प्रतिबंध के तहत मौजूदा ग्राहक खातों और प्रीपेड उपकरणों में किसी भी प्रकार की जमा, क्रेडिट और टॉप–अप पर रोक लगा दी गई थी।

———————————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित हुई है। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों तक भीषण गर्मी का दौर जारी रहेगा। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज औरंगाबाद, कैमूर, गया, नवादा और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर लोगों को उमसभरी गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

---

समाप्त